भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या 51
गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946, (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान संचालन में तकनीकी खामियाँ

***51. श्री दुरई वाइको:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान वर्ष-बार ऐसी घटनाओं की संख्या कितनी है जब भारतीय उड़ानों में तकनीकी समस्याएं आईं तथा किस प्रकार की तकनीकी समस्याओं की जानकारी मिली/देखी गई;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि एक विमान (उड़ान सं. आईएक्स 613) ने तिरुचि हवाई अड्डे से उड़ान भरी और वह तीन घंटे तक तिरुचि हवाई अड्डे का चक्कर लगाने के बाद वापस तिरुचि हवाई अड्डे पर ही उतर गया और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपर्युक्त घटना की पृष्ठभूमि में, उड़ानों में तकनीकी समस्याओं को कम करने और उड़ान रद्द होने तथा विमान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"उड़ान संचालन में तकनीकी खामियाँ" के संबंध में श्री दुरई वाइको द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 28.11.2024 के मौखिक प्रश्न संख्या 51 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) भारतीय उड़ानों में तकनीकी समस्याओं से संबंधित मामलों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-क में संलग्न है।

(ख) दिनांक 11.10.2024 को मेसर्स एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा परिचालित बी737-800 विमान वीटी-एवाईबी, आईएक्स-613 (त्रिची-शारजाह) उड़ान ने एयर टर्न बैक (एटीबी) ले लिया था क्योंकि टेक-ऑफ के पश्चात लैंडिंग गियर को रिट्रैक्ट करने पर हाइड्रोलिक सिस्टम "ए" फ्लूइड का स्तर शून्य हो गया था। चालक दल ने त्रिची में सुरक्षित लैंडिंग हेतु लैंडिंग वजन को उचित स्तर तक कम करने के लिए विमान को होल्ड पर रखते हुए ईंधन को बर्न करने का निर्णय किया। तत्पश्चात, विमान ने सुरक्षित रूप से त्रिची में लैंडिंग की। त्रिची में लैंड करने के पश्चात, जांच (वॉक-अराउंड) के दौरान, हाइड्रोलिक सिस्टम ए प्रेशर मॉड्यूल बॉडी से हाइड्रोलिक रिसाव देखा गया, जो कि क्रैक अवस्था में पाई गई। हाइड्रोलिक सिस्टम ए इंजन-ड्रिवन पम्प (ईडीपी) और सिस्टम 'ए' के हाइड्रोलिक प्रेशर मॉड्यूल को बदला गया था और आवश्यक परीक्षण किए गए थे व इन्हें संतोषजनक पाए गए, तत्पश्चात विमान को आगे की उड़ान के लिए अनुमति दी गई।

(ग) डीजीसीए ने नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर) के अंतर्गत विनियम निर्धारित किए हैं, जिसके अनुसार यह अपेक्षित है कि विमान का अनुरक्षण निर्माता और डीजीसीए के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाए तथा विमान को उड़ान के लिए अनुमति दिए जाने से पहले उसमें पाई गई सभी तकनीकी समस्याओं को सुधार लिया जाए।

इसके अलावा, सीएआर 145 अनुरक्षण संगठन के अनुमोदन हेतु अपेक्षाओं को निर्धारित करता है, जिसके अनुसार संगठन के पास अनुरक्षण किए जाने वाले प्रकार और बेड़े के अनुरूप आवश्यक जनशक्ति, उपकरण और साहित्य होना अनिवार्य है। इस प्रणाली के अंतर्गत, एयरलाइनों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विमान को निरंतर उड़नयोग्यता की स्थिति में बनाए रखा जाए और सभी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाए।

डीजीसीए के पास एयरलाइनों/संगठनों और कार्मिकों की निगरानी, औचक जांच, रात्रि निगरानी, आदि हेतु निर्धारित तंत्र है, ताकि यात्रियों और विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके और सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु एयरलाइनों को अवलोकन/निष्कर्ष उपलब्ध कराए जा सकें।

सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई लागू करने के लिए अवलोकन को सही करने हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाती है। उल्लंघन के मामले में, डीजीसीए निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार प्रवर्तन कार्रवाई करता है, जिसमें चेतावनी, निलंबन, रद्दकरण सहित संबंधित कार्मिक/एयरलाइन पर वित्तीय जुर्माना लगाना शामिल हो सकता है।

अनुलग्नक-क

क्र.सं.	एयरलाइन	2020	2021	2022	2023	2024 (आज तक)
		तकनीकी खामियों की संख्या	तकनीकी खामियों की संख्या	तकनीकी खामियों की संख्या	तकनीकी खामियों की संख्या	तकनीकी खामियों की संख्या
1	मेसर्स एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (एलाइंस एअर)	1	4	3	6	5
2	मेसर्स इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो)	297	286	472	115	118
3	मेसर्स स्पाइसजेट लिमिटेड	147	170	143	150	23
4	मेसर्स एअर इंडिया लिमिटेड	54	71	64	62	66
5	मेसर्स विस्तारा	11	7	3	14	8
6	मेसर्स एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड	-	-	23	23	26
7	मेसर्स एयर एशिया लिमिटेड	11	10	8	16	18
8	मेसर्स बिग चार्टर प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई बिग)	-	1	5	3	3
9	मेसर्स अकासा एयर	-	-	1	-	5
10	मेसर्स ब्लू डार्ट एविएशन लिमिटेड	4	1	1	1	1
कुल तकनीकी खामियाँ		**525**	**550**	**723**	**390**	**273**
वर्ष में कुल उड़ानें		**549214**	**733881**	**997041**	**1194777**	**1069680**

******